कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

श्री सतीश सिंह, तत्कालीन प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजपुरा (टहुँका), जिला भीलवाड़ा वर्तमान प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय बोरियापुरा, पं.स. रायपुर, जिला भीलवाड़ा जन्म तिथि 28.02.1966 प्रधानाध्यापक पद के वरिष्ठता क्रमांक 127/2016-17 को राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 1970 के नियम 24(3)के ग्रुप-डी-II के अनुरूप प्रधानाचार्य (उमावि) एवं समकक्ष पद की वर्ष 2020-21 की रिक्तियों के विरूद्ध आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार चयनोपरान्त कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी-2/45002/डीपीसी-2020-21/2021/1-1028 दिनांक 08.09.2021 द्वारा पदस्थापन राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, बोरियापुरा, पं.स. रायपुर, जिला भीलवाड़ा में किया गया था।

उक्त आदेशों की पालना में श्री सतीश सिंह ने दिनांक 11.09.2021 को राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, बोरियापुरा, पं.स. रायपुर, जिला भीलवाड़ा में कार्यग्रहण किया। श्री सतीश सिंह की स्वयं की प्रार्थना पर इनकी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, बोरियापुरा, पं.स. रायपुर, जिला भीलवाड़ा के पद से पदावनत कर पुनः प्रधानाध्यापक (मा.वि.) के पद पर पदस्थापित किये जाने की स्वीकृति कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 04.06.2008 के अनुसार पदोन्नति स्वीकार नहीं करने (FOREGO) के प्रावधानों की शर्त पर प्रदान की जाती है।

24.12.21

(कानाराम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/मा/संस्था/ए-4/सतीश सिंह/2021 दिनांक : 28/12/21

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप-2) शासन सचिवालय, जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) अजमेर संभाग, अजमेर।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय-माध्यमिक शिक्षा, भीलवाड़ा।
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति, रायपुर जिला भीलवाड़ा को भेजकर कर निर्देशित किया जाता है कि श्री सतीश सिंह के पदोन्नति उपरान्त प्रधानाचार्य पद पर किये गये वेतन निर्धारण को पुनः संशोधित कर उक्त आदेश का इन्द्राज उनकी सेवापुस्तिका में लाल स्याही से करें।
5. प्रभारी प्रभाग बी-1/2 को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि श्री सतीश सिंह का पदस्थापन प्रधानाध्यापक (मा.वि.) के रिक्त पद पर कर अवगत करावें।
6. अनुभाग अधिकारी, डीपीसी अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, बोरियापुरा, पं.स. रायपुर, जिला भीलवाड़ा
8. श्री सतीश सिंह, प्रधानाचार्य राउमावि. बोरियापुरा, पं.स. रायपुर, जिला भीलवाड़ा को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि प्रधानाध्यापक (मा.वि.) के पद पर पदस्थापन आदेश जारी होने तक यथावत कार्यरत रहेंगे।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत
10. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department